/font>

Title: Need to provide adequate facilities for the benefit of Scheduled Tribe students in Navodaya Vidyalaya at Borkadi in Gujarat.

श्री मानसिंह पटेल (मांडवी) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र तहसील व्यारा के बोरखड़ी में स्थित नवोदय विद्यालय की दयनीय हालत की तरफ दिलाना चाहता हूं। इस स्कूल के भवन के चारों तरफ कोई दीवार, खेलने के लिए कोई कम्पाउंड, लैब इत्यादि का अभाव है। कम्प्यूटर की शिक्षा का भी कोई प्रबन्ध नहीं है। इस स्कूल में आदिवासियों के होनहार बच्चे पढ़ते हैं। इस सुविधाओं के अभाव में इस स्कूल की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस विद्यालय में सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध करवायी जाए जिससे आदिवासी बच्चे अच्छे ढंग से शिक्षा प्राप्त कर सकें।